Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 25 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**बीएड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और बीपीएड की परीक्षाएं एक अगस्त से**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की बी० एड० द्वितीय वर्ष 2022 ( वार्षिक परीक्षा ) , बीएड प्रथम वर्ष –2022 एवं बीपीएड प्रथम वर्ष 2022 ( वार्षिक परीक्षा ) की दिनांक 27/07/2022 , 28/07/2022 एवं 29/07/2022 को सम्पन्न होने वाली परीक्षा अपरिहार्य कारण से स्थगित की जाती है । स्थगित परीक्षाएं एक अगस्त से चार अगस्त के बीच संपन्न होंगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि बीएड द्वितीय वर्ष–2022)(वार्षिक परीक्षा) के संस्थागत/भूतपुर्व एवं अंकसुधार के विद्यार्थियों के ग्रुप ई के अंग्रेजी, हिंदी और कृषि की परीक्षा एक अगस्त, अनिवार्य प्रश्नपत्र में पॉपुलेशन एजुकेशन एंड इन्वॉयरमेंट एजुकेशन की परीक्षा तीन अगस्त, बीएड प्रथम वर्ष 2022 (वार्षिक परीक्षा), भूतपुर्व/अंकसुधार के अंतर्गत चतुर्थ प्रश्नपत्र के शैक्षिक प्रशासन एवं प्रबंधन की परीक्षा चार अगस्त तो बीपीएड प्रथम वर्ष–2022 की वार्षिक परीक्षा में एजुकेशन टेक्नोलॉजी एंड मैथड्स ऑफ टीचिंग इन फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा एक अगस्त और आर्गनाईजेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा तीन अगस्त को होगी।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur